गान्धी काग्रेस पार्टी के जरनल सैक्क्रीरी नेहरू प्राइम मिनिस्टर हुआ करते है, मुदड़ा सेकेन्डल के खिलाफ आवाज उठाई थी ।उसकी इनवैस्टीगै ान हुई थी। इसलिए मै चाहूंगा कि फोरेस्ट बोर्ड मे हुए घपलो के बारे मे हाउस की एक कमेटी बनायी जाए और वह इस बारे इन्कवायरी करें। इसमे करोड़ो रूपये का सकैन्डल है, लाखों की बात नही है। एक महीने के अन्दर अन्दर वह कमेटी हाउस को रिपोर्ट दे और रिपोर्ट आने पर दुबार हाउस को बुलाया जाये ताकि उस रिपोर्ट को यहां पर डिस्कस किया जाये। इस बारे मे मैै डाकुमैंटरी प्रुफ देना चाहूंगा। दस करोड़ की सैपलिंग इन्होने लिखी है और तीन करोड़ 67 लाख 28 हजार 500 की ईल्ड बातयी है। दस करोड़ मे से आज चीफ मिनिस्टर सहाब बता रहे थे कि दस करोड़ प्लाटस लगा दिये हैं। बड़ी खु ाी की बात है। चेयरमैन साहब, अगर बोर्ड और फोरेस्ट डिपार्टमैंट को मिला कर हिसाब लगाया जाए तो तीन करोड़ से ज्यादा की प्लानटे ान नही हुई है। यह उनको रिकार्ड की बात है और खुद मानते है। सात करोड़ सैपलिंग है। ये चार आने सेपलिंग के लेते है। सैपलिंग के पौने दो करोड़ रूपए बनने चाहिए। पौने दो करोड. तो वही एड हो गए। ये करते क्या है? दरखत कागजों मे उगा लेते हैं। चार आने मे दे देते हैं और चार आने पोकेट मे डाल लेते हैं। इस तरह से दो करोड़ रूपया अपनी पोकेट मे कर गए। यह कितना बड़ा स्कैन्डल है। कोई सुप्रीम कोर्ट के रिटे करने जा रहे है। ये सब लोग बोर्ड मे धांधली के खिलाफ रिट कर रहे है। यह बड़ा भारी सैक्न्डल बन जाऐगा। लोगो ने

रिटे लिख ली है और सुप्रीम कोर्ट मे करने जा रहे है। हरियाणा का माल इस बोर्ड की मार्फत लूटा जा रहा हैं। फोरेस्ट की कीमत पिछले एक साल मे तीन सौ गुना बढी है क्योकि यह मनोपलाईज स्टेट हेा गई हैं। यह बड़ी बदकिस्मती की बात हैं कि हमारी आमदन आधी भी नही रही। दरखत सारे काटे जा रहे हैं, tree are slaughtered in Haryan. There is butchering of trees in Haryana. प्राईम मिनिस्टर साहिबा ने कहा है कि दरखतों को बचाऔ लेकिन यहा कटाई का अभियान छेडा हुआ है कि दरखत कटाऔ। बहिन भाारदा रानी जी हर बक्त कहती रहती है कि हरियाणा लूट गया। मोटे मोटे सब दरखत काट दिये गये। यह कोई ठेकदारों ने नही काटे, ये तो फारेस्ट डिपार्टमैंट ने काटे हैं।(ाोर) इसकी छानदान के लिए हाउस की कमेटी बनायी जाऐ। आज चेयरमैन साहब, हरियाणा के चीफ कनजर्वेअर साहब फारेस्ट को खुउडे लाईन लगा रखा हैं। वह ईमानदार आदमी हैं। चेयरमैन साहब, आज यहा करोड़ो रूपये का बंगलिंग हा सरकार को पता न हो। मै समझता हूं अगर चौधरी भजन लाल के नोटिस मे यह सारी बात आ जाये तो वे पैसे के मामले मे बख्भाने वाले नही हे। यह मै बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। भाायद उनको सारी बात का पता न हो लेकिन उनका यह कहना कि लिख कर दिया जा सकता हैं जब कि हम जिम्मेदारी के साि यहां हाउस मे कह रहे है। हाउस की कमेटी बनायी जाये और वह हाउस मे कह रहे है। हाउस की कमेटी बनायी जाये और वह हाउस के अन्दर एक महीने के अन्दर अन्दर रिपार्ट पे ा करें। अगर यह बात गलत होगी तो

मै इस्तीफा दे दूंगा असैम्बली को मैम्बरी छोड़ दूंगा हाउस छोड दूगां। एक महीने से ज्यादा का समय इन्कवायरी के लिए न दीजिए। इस इन्कवायरी मे श्री गुरनाम सिंह जी को भी न लगायें। इंसपैक्टर जनरल फोरेस्ट का लगाया जाये या किसी औरप स्टेट के चीफ कन्जवैटर का लगाया जाये। जिस स्टेट का चीफ कन्जर्वैटर हरियाणा की सरकार को पसंद हो वही इन्वेस्टीगे ान के लिए लगाया जाये। यह स्कैन्डल नही है बल्कि हरियाणा का खजाना लूटा जा रहा है।

चेयरमैन साहब, पीने के पानी के प्रबन्ध के लिए 20 प्वायंट प्रोग्राम चलाया है। यह भी कम्पलीट नही हो रहा है। पीने के पानी की मु कल पर रही है। दूसरी और पैसा एक हाथ से लुटाया जा रहा है।। ये जो करोडो़ के दरख्त लगाये जा रहे हैं इनमे हरियाणा को लूटा जा रहा हे। ये बताये कि यह पैसा कहा गया। इसलिए चेयरमैन साहब, मै सरकार से हाथ जोड कर दरखास्त करूंगा कि वे रिटों से बचे, वरना महाराश्ट्र स्कैंडल से भी बुरा स्कैंडल बनने जा रहा है। रिटे दायर करने के लिए लोग तैयार बैठे है। कोर्ट मे जाने के लिए कोई दिक्कत नही है। एक नही बहुत सारे आदमी तैयार बैठे हैं क्योंकि सभी लोगों को हरियाणा के हितो से प्यार हैं। दूसरी एक और इन्कवायरी करवाये। फारेस्ट गार्ड केवल 500–600 रूपये तन्खाह लेता है। लेकिन ये दर्जनों नही, सैकड़ों की तादाद मे मोटर साइकिल लिए फिरते है। जब उनसे पूछा जाता है कि आप लोग तो बोर्ड के

मुलाजिम बन गए , आपको तो पैन् ान भी नही मिलेगी। वे कहते है कि हमे पेन् ान नही चाहिए, पैन् ान का क्या करना है। ऐसी बहार तो हमारी पले कभी नही आई। इसलिए इस बारे मे इतनी चीख पुकार है जिसकी कोई हद नही। ट्रेजरी बैंच्जि के सब आदमीयों की जुरूरत होती हैं कि सच को सच कह दे। इसलिए चेयरमैन साहब, टी.टी. कृश्णामचारी का केस मौजूद है। उस केस को मद्देनजर रखते हुए इस केस की थारेा इन्वेसटीगे ान की जायें। दूसरी बात मै एस.वाई.एल. की करना चाहूंगा। मेरी ओपीनियन है कि इस विधान सभा की टर्म मे यह नहर बनने वाली नही है। चेयरमैन साहब, मै दरखास्त करूंगा कि कालका कन्सटीच्यूऐंसी मे जगह जगह बांध बनाये जाये। वे थोड़े से पैसे मे बन जायेगें। इनसे इरीगे ान का मामला हल हो सकता है। अम्बाला जिले के मोरनी हिल्ज के ऐरिया मे टीचर्ज नही है औरप न ही वहां कोई जाना पसंद करता है इसलिए लोकल टीचर्ज रखे जाने चाहिए। इसके अलावा यहा के स्कूलो का अपग्रेड भी नही किया जा रहा है।। चीकन गांव के स्कूल को अपग्रेड किया गया था। लेकिन जब डी.ई.औ. को यह इतलाह मिल गई कि लछमन सिंह के साथ जरा सी गड़बड़ हुई है तो उस स्कूल को डाउन ग्रेड कर दिया गया । इस प्रकार की बातों से मुझे कोई फर्क पढने वाला नही है। इन्होने मेरे हल्के के 20 आदमीयों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए हुए है और वे सब कांग्रेसी आदमी है। बड़ी खु ाी की बात है। पार्लियामैंट का चुनाव नजदीक आ रहा है। जब कभी वे उस ऐरिया मे जायेगें तो लोग कांग्रेस के खिलाु

दीवारो की तरह खड़े मिलेंगे। मुझे फर्क नही पड़ता। ये खुद ही अपना नुकसान करेगे। काग्रेस पार्टी की जड़े खोदी जा रही है। हिदायत है कि हरेक आदमी ईमानदारी से काम करे। एम.एल.ए. भी करे और मिनिस्टर भी करे। जहां पर आज तरह तरेह की चर्चा चलती हो तो गलत बात है। पूछताछ इसलिए नही हो रही है क्योंकि यह हमारे से डाईसैट तो करते ही रहेगें। मैरे जैसे आदमी को जब ज्यादा तंग किया जाता है तो वह और ज्यादा टाइसैंट करता हैं। हम दोस्ट तो है लेकिन अगर केाई नुकसान हो जाये। हमने कभी परवाह नही की (ाोर) . . . . . चेयरमैन साहब, अभी मै पांच मिन्ट और लूंगा। मै तो काम की बात कह रहा हूं। बाकिया ने तता गीत ही गाने हैं। (ाोर) ये कहते है कि हरियाणा के अन्दर भय का वातावरण नही है।(ाोर)

चेयरमैन साहब, मै यह अर्ज कर रहा हूं कि हरियाणा के अन्दर . . . . . .(व्यवधान) वह कहते है कि भय का वातावरण नही है लेकिन मै इस बात को मानने के लिए तैयार नही हूं।

प ा पालन राज्यमंत्री (चौधरी लाल सिंह): चेयरमैन साहब, बाकियो ने गीत गाने है, उन्होने यह कहा है कि हम किसी के नौकर नही है जो हमने गीत गाने है।(व्यवधान) आप मैरी बात तो सुनिये। हम यहा पर किसी के गुलाम नही हैं। हम जीत कर आये है। हर किसी को अपनी बात कहने का यहां पर हक है।

बाकी सब ने तो गीत गाने है, इसका क्या मतलब है? वे लफज कार्यवाही से काट दिये जाये।

श्री सभापतिः लाल सिंह जी, आप बैठिये इनको बोलने दीजिए।

श्री लछमन सिंहः चेयरमैन साहब, इनका तो किस्सा ही नही है। मै चेयरमैन साहब, यह कह रहा था कि आज प्रदे ा के अनदर सिर्फ एक कम्यूनिटी मे भय का वातावरण को दूर किया जाये। इस दे ा मे हम सब लोग रहते हैं और यह दे ा सब का सांझा है। अगर आज पंजाब के अन्दर वातावरण खराब हैं तो वह बहुत ही बुरी बात है। डिप्टी स्पीकर साहब, और बहिन भाान्ति देवी जी के ऊपर जा हमला हुआ है, यह बड़ा ही अफसोसनाक हैं। मै जानना चाहता हूं कि ये दोनो ही बड़े भारीफ इन्सान है। बहिन जी के बारे मे मै तो बहुत अच्छी तरह से जानता हूँ। वे बहुत ही भारीफ औरत है। इनके ऊपर जो हमला हुआ है, यह कंडेमबेल है लेकिन इस बात को लेकर किसी एक कम्यूनिटी के लोगों को गिरफ्तार किया जाए तो उचित नही है। दूसरी कोमों मे भी एक्सट्रिमिस्ट्स हो सकते है। यह बात नही है कि एक ही कम्यूनिटी के अन्दर ऐसे लोग मौजूद हैं। आज हर कौम, हर बिरादरी और प्रदे ा के अन्दर ऐसे लोग मौजूद हो सकते है। मै यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार को इम्पा ोली काम करना चाहिये। चेयरमैन साहब, मै लाखन माजरे की पंचायत का भाुक्रिया आद करना चाहता हूं। एक आम बात कही जाती है कि पंजाब का

असर हुआ है। यह भाहरों मे ही क्यो हुआ हे। देहातेा मे क्यों नही हुआ? मै इस बात से भी ज्यादा मुसतफिक हूं कि सिर्फ 3–4 भाहरों मे ऐसी बात हुई हैं। गुरूद्वारा लाखन माजरा एक बड़ा ही हिस्टौरीकल गुरूद्वारा है। वहा की पंचायत ने पुलिस को भगा दिया और यह कहास कि हम खुद पहरा देगें। हम खुद निगरानी करेगे और आज तक वहां के जाअ लोग पहरा दे रहे है। मै उनका भाुक्रिया अदा करता हूं और स्टेट गवर्नमैट से यह कहूंगा कि उस पंचायत को मान पत्र दिया जाये। पंचायता को सम्मानित किया जावें क्योंकि उसने बहुत बड़ा पुन्न काम किया है। इन भाब्दों के साथ मै आपका भाुक्रिया अदा करता हूं।

श्री मंगल सैंन(रोहतक): चेयरमैन साहब, आपका धन्यवाद आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए मौका दिया। कटार सिंह जी ने जो बजट 20 तारिख का पे ा किया था, उस पर आज भी चर्चा चल रही है। यह बजट सै ान इसीलिये होता है। ताकि सरकार के कामकाज का लेखा जोखा, हिसाब–किताब साल भर का किया जाये। आगे पीछें ता हमे मौका मिलता ही नही है। भजन लाल जी जब से यहा पर मुख्य मंत्री आये है, जब से ही सै ान का कम से कम करते है ताकि लोग अपनी बात कह न सके। यह जो बजट पे ा किया गया हैं। कोई कह रहा था कि टैक्सलैस है, फेसलैस और कलरलैस बजट है। यह हरेक चीज से लैस बजट है, यह आबजैक्ट लैस और थौथा बजट है। यह तो प्योर तथा सिंम्पल इलैक ान बजट है।

श्री सभापतिः कान्ट्रावर्सी–लैस भी तो है।

श्री मंगल सैनः यह तो आपकी राय हो सकती है। जब आपको मौका मिलेगा तो आप बोल लेना।

श्री सभापतिः मैं तो इस बारे मे आपकी राय पूछ रहा था।

श्री मंगल सैनः तो मै यह निवेदन करना चाहता हूं कि बजट मे जो घाटा बाताया गया है जब इन से पूछा गया कि यह कैसे पूरा करेगें तो कहने लगे कि स्माल सेविग्ज कर लेगें। कटार सिंह जी, स्माल सेविंग्ज सर्टीफिकेट्स के बारे मे मार्च के महीने मे कैसे धाधली मचती हैं। यह तो भाायद आपको पता ही होगा आपका टैक्से ान महकमा आपको बताता ही होगा कि 31 मार्च का पैसे जमा करवा दिये और एक अप्रैल का निकाल लिये। वास्तव मे सरकार को जो प्लानिंग है, सरकार का जो फक ानिंग का सिस्टम हैं, वह बड़ा बेतुका है। इसलिए यह घाटा और ज्यादा होगा। चेयरमैन साहब, इन्होने घाटा थोड़ा दिखाया है। वास्तव मे यह घाटा बहुत ज्यादा हैं। इस घाटे मे बोर्ड और कार्पोरे ान के जो घाटे है, वह भाामिल नही है। आप को मालेम है कि बोर्डज की फक ानिंग का क्या हाल है। कानकास्ट के बारे मे सुरजेवाला साहब आज सुबह ही कह रह थे कि उनसे बिजली के पैसे लेने है। हरियाणा मे मार्किटिंग बोर्ड का भी ठीक हाल नही है। मार्किटिंग बोर्ड मे तिरपालों के बारे मे बहुत हेरा–फेरी हुई थी।

बोर्ड के कई सैक्रेटरी सस्पैंड कर रखे है और एग्रो इंडस्ट्री कार्पोरे ान मे हुई गडबड़ के बारे मे तो यहां पर रेज ही भुगल होता रहा हैं। हमारे साबका मैम्बर उसके चेयरमैन साहब, थे। उनको टिकट भी नही मिला। वहां क अकाडन्ट्स आफिसर, जिनके खिलाफ लाखो रूपये के गबन का मामला चल रहा था, उनको कल ही री–इन्सटैट किया है। लोगों ने एतराज भी किया लेकिन उनकी एक नही सुनी गयी। कटार सिहं जी दूसरी तरफ एक बात यह भी कहते हैं कि अगर कोई कुरप ान का मामला हो तो हमोर नोटिस मे लाईये। आपकी ही पार्टी के मैम्बर श्री लछमन सिंह जी ने कराड़ेा रूपये के इल्जाम लगाये है और यह कहा है कि इस हाउस की एक कमेटी बना दे जा छानबीन करे। जो बात उन्होने कही है, अगर वह गलत हो तो वे इस्तीफा दे देगें। भ्रश्टाचार की कहानी एक हो तो मै कहू, चौधरी भजन लाल जी को तो सब कुछ पता ही है। मै नाम नही लूंगा एक फूड इंसपैक्टर का इन्होने रगें हाथो पकड़ लिया लेकिन आप देखना चेयरमैन साहब, वह भी थोडे दिनों मे री–इन्सटैट होगा। अव्वल मे तो वह अब तक हो चुका होगा। आज आप जाकर फुड इंसपैक्टर की कोठियों देखे। माननीय सभापति जी, आप देखिये, आजकल कर्मचारियों का हाल है। आप कोई भी महकमा ले लिजिये, सब मे यही हाल मिलेगा। कटार सिंह जी, मार्च–अप्रैल मे ट्रान्सफर्ज का मौसम आ रहा हैं। चौधरी भजन लाल जी, अगर आप सचमुच की क्लीन एडमिन्स्ट्रे ान का दाबा करते हो तो यह बातइये कि ताबादलों के लिये कौन आते हैं। नीचले लेवल पर जिलों मे जो कलर्कस हैं,

उकना क्या हाल हैं, इसका आप विजिलैंस से मुआइना कराइये कि उनकी आमदनी कितनी है और उनके असैटस और खर्च कितने हैं। आपको सब कुद पता चल जायेगा। इस बात की तरफ इसलिये ध्यान ने देना कि यह बात अपोजी ान वालों ने कही है, ठीक नही हैं। आप सिक्योरिटी वालो से पता करवा लें, सारी असलीयत का पता लगा जायेगा कि जो बात हम कहते हैं, वह सही है या गलत है। भ्रश्टाचार सारे मुलाजिमो और अफसरेा मे है। मैने पहले भी कहा था कि जो बातें मै कह चुका हूं। मै उनको दोहराना नही चाहता। इनके एक बड़े ही गहरे दोस्त भगवान को प्यारे हो गयें, लाला हरि राम जी। उन्होने इनका बाताया होगा कि वे किस तरह से समगलिंग करते थे। किस तरह से वे फूड एण्ड स्प्लाईज के महकमे से मिलकर टैक्सों की चोरी करते थें क्योकि वे समगलिंग मे बड़े ही काबिल आदमी थे। वे इनके दोस्त थें। हमारे साथ भी जेल मे रहे क्योकि उस वक्त के हुक्मरानो ने उनको कुद ऐसे वेसे गलत मामलो के इल्जाम मे बन्द कर रखा था। मै यह कहना चाहता हूं कि आज हमारे प्रदे ा की सारी इकौनामी भौटर हो गयी हे। कैसे यहां पर जिन्दा रहे। श्री लछमन सिंह जी ने ठीक ही कहा है। उन्होने तो उस दिन बड़ा अफसोस जाहिर किया था और कुद औपर ही कहा था। मुझे खु ाी है कि उन्होने अपनी राय बदल ली है। पहले तो वह यह थें कि चंडीगढ पंजाब को दे दों और उसके बदलक मे पैसे ले लो, लेकिन अब उनकी राय यह है कि चंडीगढ़ पजांब हरियाणा और हिमाचल को मिलाकर फिर से इकट्ठा दिया जाये। मुससे वे कहने लगे कि इस बारे मे

आपकी क्या राय है। मेरा कहना यह है कि श्रीमति इंदिरा गांधी अपोजी ान की कोई बात नही सुनती । भजन लाल जी कहते हैं आप इस बारे मे कोई प्रस्ताव दो। हम आपको क्या प्रस्ताव दे। आप हमारी बात को मानते ही नही हों। हमने कहा था कि भााह कमी ान ने जो फैसला दिया उसका लागू करवा लो। लेकिन वह भी नही माना और चंडीगढ पंजाक को दे दिा गया । हरियाणा के नोजवानो को गोलियो से भुन दिया। आप संसार की नेता कहते हो और इस दे ा की भी नेता है, उसने दो अवार्ड दिये। क्यों नही आपकी काग्रेस सरकार आज तक उनको लागू करवा सकी? अगर इस के बावजूद भी हमे यह कहते हो कि अपोजी ान वाल कुछ सलाही नही देते तो यह व्यर्थ की बात हैं। आप अपनी झेंप उतारने के लिए ऐसा कहते हो। इस झेप की आपके भाब्दो मे झलक रहती है। आपके मन मे तो बात है लेकिन कहने से मजबूर है। आखिरकार नौकरी का सवाल हैं। मै आपसे प्रार्थना करता हू कि आप सैन्ट्रल गवर्नमैंट को कहिए कि वह इस दि ाा मे कुछ एक्ट करे। उनको माहोल ठीक करने के लिए कुछ करना चाहिए। जो लेाग आज बेगुनाहो को कत्ल कर रहे हे, उनको सजा मिलनी चाहिए। जो लेाग राश्ट्र द्रोह की बात करते हैं, उनके लिए इस दे ा मे कोई स्थान नही है। आज समाज मे बर्गवाद की कोई भी बात सहन नही की जाएगी। यह बात बिल्कूल घटिया है कि हिन्दू और सिख अलग अलग हैं। मै कहना चाहता हूं कि हिन्दू और सिंख एक ही है। हां मुसलमान नही है। बन्दा बैरागी ने गुरू पुत्रो के लिए अपना बलिदान दिया। हिन्दु और सिंखो ने मिलकर इस

दे ा की लडा़ई लड़ी है। मेरा कहना है कि जब तक पंजाब मै अमन स्थापित नही होगा, स्थिती नही सुधरगी तब तक हरियाणा मे भी चैन नही होगा। यहा भी डर बना रहेगा। सदन मे लाखन माजरा की बात कही गई लछमन सिंह जी हम हरियाणावासी, किसी भी धार्मिक स्थान पर आंच नही आने देगे। इनहोने कहा कि एक वर्ग के लोगों का पकड़ कर हैरास किया जा रहा है। मै यह तो नही कहूंगा कि सरदार लछमन सिंह की उग्रवादियो को पकड़ने या सजा देने की म ंा नही हैं, परन्तु यह कहना है कि एक ही वर्ग के लोगो का पकड़कर हैरास किया हैं, कुछ जंचती नही हैं। मै तो यहा तक कहना चाहूंगा कि उग्रवादी चाहे किसी भी वर्ग से सम्बन्ध रखता हो, उनका लिहात नही करना चाहिए। सच्चाई का ढूंढने के लिए कानून का इस्तेमाल करने का जो भी तरीका है, वह इस्तेमाल करना चाहिए।

श्री लछमन सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मेरा कहने का मतलब यह था कि किसी एक ही वर्ग के लोगो का न पकड़ा जाए बल्कि जो भी उग्रवादी है, चाहे वे किसी भी वर्ग से ताल्लूक रखते है, उनको सजा दी जाए।

श्री मंगल सैनः मैने आपकी बात ठीक केटैक्ट मे समझी है। उग्रवादी हरिजन भी हो सकता है, किसी और जाति का आदमी भी उग्रवादी हो सकता है। उग्रवादी को पकड़ने मे कोई लिहाज नही करना चाहिए। जो लोग बेगुनाहो का मौत के घाट उतार रहे है, उनका सजा देनी चाहिए। उनका कोई लिहाज नही

करना चाहिए। सभापति जी, भाक के वातावरण मे, भय के वातावरण मे सारे प्रदे ा की इकौनोमी भौटर हो रही है। व्यापारप मन्दा होता जा रहा है और बसेो की सवारियां कम हो गई है।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): डा. साहब पंजाब की तरफ से लोग कम आते है।

श्री मंगल सैनः ठीक है। यहा से वहां नही जाते और वहां से यहां नही आते। हमारी सरकार को अपने गुड औफिसिज का इस्तेमाल करना चाहिए, वरना दे ा का क्या होगा इसका अन्दाजा नही लगाया जा सकता। इसलिए आप हालात को ठीक करे। मै एक बात साफ कर देना चाहता हूं कि अब धर्म के नाम पर और जिन्हो के रास्ते पर चलकर जो लोग दे ा के बंटवारे का ख्वाब देख रहे है, वे ख्वाब उनके पूरे नही होगें। इस दे ा की जनता इस बात को अब कतई सहन नही करेगी, इस चीज के लिए चाहे कितना ही बड़ा बलिदान करना पड़े लेकिन बंटवारे को यह दे ा अब कभी भी बर्दा त नही करेगा।

सभापति जी, मै बिजली बोर्ड के बारे मे कुछ कहना चाहता हूं। अगर हम बिजली बोर्ड के ऊपर डिस्क ान की मांग करते है तो आपका सैक्रेटरीएट डिस्क ान नही करने देता काल अटैन्ा ान मौ ान के जरिए इतना ज्यादा डिस्क ान हो नही सकता और सारी बाते जनता के सामने नही आ सकती। हमारे मुख्य मंत्री जी, को फुरसत ही नही है कि उनके पास उन्नीस

महक्में है। सभापति जी, उन्होने उन्नीस महकमो का बोझ अपने ऊपर लाद रखा है। भाम ोर सिह जी आप बिजली मे मंत्री है आपने तो वश्य 1980–81 की एडमिनिस्ट्रेटिव रिर्पाट पढी होगी। आपको तो पढने की फुरसत है। सभापति जी, बिजली बोर्ड की 1980–81 की एडमिनिस्ट्रैटिव रिपार्ट के सफा 27 पर लिखा हैं:– .. ..“the net loss after meeting the interst charges is Rs. 31,20,49,286.....” सभापति महोदय, इस रीजन का बहुत अच्छा अखबार जिसका नाम ट्रिब्यून हैं, उसके स्पै ाल स्टाफ कोरसपौडैंट ने दो राई–अप दिये हैं। उसने कहा है कि बिजली बोर्ड के पास डे–टूडे की एक्टीविटिज के लिए पेसा नही है। रेलवे स्टे ान पर डेढ करोड़ रूपए का माल पड़ा है लेकिन बिजली बोर्ड पैसे के बिना उसको छूडा़ नही सकता। रेलवे अथारिटीज कहती है कि हम नीलाम कर देगें। वोर्ड ने सरकार को 613 करोड़ 84 लाख रूपया देना है और बीस करोड रूपया हुडडा को देना है। पता नही हुड्डा को यह पैसा वाबिस कब मिलेगा। हमारे मुख्य मंत्री जी, कहते है कि बिजली बोर्ड सो ाल आर्गेनाइजै ान हैं। यह ता जनाता की सेवा करता है। सभापति जी, यह जनता की सेवा नही करता बल्कि बड़े पूंजीपतियों और उधोगपतियों को मालामाल करने के लिए बना हुआ है। इसका सिस्टम बहुत डिफैक्टिव है। जितनी इलैक्ट्रिसीटी कैरी होनी चाहिए, जितनी जनरेअ होनी चाहिए वह नही हो रही हे। सभापति जी, पिछले दिना इन्होने ट्रासंफर की पोलिसीबनाई जिससे बौर्ड की सारी फं ानिंग फ्रस्ट्रैटिड हो गई। सभापति जी, गवर्नमैंट आफ इन्डिया की एक

सैन्ट्रल इलैक्ट्रिसिंटी अथोरिटी हैं। उसने कहा कि जिन टैकनीकल हैण्डज को थर्मल प्लांटस मे लगाना है, उनको पहले अठारह महीने ट्रैनिंग दो, उसके बाद थर्मल प्लांट मे लगाया जाए, लेकिन इन्होने उस एडवाईज का भी इग्नोर कर दिया यह कह कर, कि " It is an internal matter of an autonomous body." सभापति जी हरियाणा के किसान, मजदू और आम आदमी को गाढे पसीने की कमाई फिजूल खर्च की जा रही है। इसलिए क्या सरकार इस एच.एस.इ. बी. को डिस्बैंड करेगी? हमे मालूम हैं कि काम किस लेवल पर ठीक होता है और कहां पर आपके एम्पलाईज करप्ट है। अगरन बिजली बोर्ड पर डिस्के ान किया जाए तो हम हाउस मे इन सारी चीजों को नंगा कर सकते है। चेयरमैन साहब, हरियाणा के अवाम की जिन्दगी पानी और बिजली पर निर्भर करती हैं। सरदार लछमन सिंह ने अभी अपनी स्पीच मे एस.वाई.एल. के बारे मे कहा कि यह नहर इस विधान सभा की लाईफ मे नही बन सकेगी।(ाोर) नापथा झांकड़ी के बारे में मुख्य मंत्री जी, तथा सिंचाई मंत्री ने कहा है कि अभी उसकी फाईनैि ायल ऐप्रूवल भारत सरकार से नही मिली है ओर मुझे भाक है कि भारत सरकार इसको मन्जूरी नही देगी। मैने इस बारे मे एक नोट तैयार किया है, यानी होम वर्क किया है। काफी लम्बा नोट है। मैं यहां उसको नही पढ सकता और न कोई पर्सनल बात कहूंगा। सरकार को बिजली बोर्ड के बारे मे हाई कोर्ट के जज से इंक्वायरी करवानी चाहिए और इसको डिस्बैंड करवाए।

श्री सभापतिः डा. साहब आप के पांच मिनट बाकी हैं। आप वाईंड–अप कीजिए।

13.00 बजें

श्री मंगल सैनः सभापति जी, मुझे आप सात आठ मिनट दे दिजिए। तभी मै पूरी बात कह सकूंगा। सभापति जी, सरकार ने गुड़गांव के पडौस मे जमीन ऐक्वायर की हैं। खांडसा गांव मे मेरे एक लायक दोस्त श्री एस.डी.भार्मा। उन्होने मुझे बताया है कि दस लाख की आबादी के लिए सरकार यह जमीन ऐक्वायर कर रही है। इस सरकार ने गुड़गांव के आस पास के लोगों को बेजमीन बनाने की योजना बनाई है। सभापति जी, अच्छा होता अगर दिल्ली के नजदीक फरूखाबाद, धारूहेड़ा आदि मे इस सारे प्लान को स्कैटर्ड कर देते और आबादी को एक जगह अढाई लाख से ज्यादा न बढने देते। दिल्ली को दूध सब्जी आदि चीजो की जरूरत हैं वह सप्लाई करते। अगर इस तरह की योजना बनाते तो अच्छा होता। इस तरह से एक ही जगह के किसानों की जमीन ऐक्वायरप होने से बच जाती। इतने सस्ते भाव पर जमीन लेकर के आगे किस भाव पर जमीने बेच रहे है? चेयरमैन साहब, मैने एक कामल अटैन्ा ान मो ान दी है जो कोआपरेटिव सोसायटीज को जमीन देने के सम्बन्ध में है। मैने चीफ मिनिस्टर साहब को कहा कि आप इसके लिए सैक्रेटरी मुकरर्र कर दिजिएगा ओर मेरी याय मान लिजिए। कोआपरेटिव सोसायटीज की रजिस्टर्ड हुई है, उनकी एक फेडरे ान बनी हुई है मै जानता हूं कि अ ापने दो सैक्रेटरीज

की कमेटी बनायी हैं, उस कमेटी मे आप इन रजिस्टर्ड कोआपरेटिव सोसायटीज के नुमाइन्दे भी भामिल कर लिजिएगा और जमीनो के रीजनेबल रेटस मुकरर्र कीजिएगा। परन्तु यह उचित नही है कि 75 हजार रूपये एकड़ के हिसाब से जमीन लेकर के आप आगें 12 लाख एकड़ के हिसाब से बेचे सरकार इस बारे मे अपनी स्थिती स्पश्ट करे।

इससे आगे चेयरमैन साहब, मै आपको यह बताना चाहता हूं कि जो दवाईया है, उनक पर 8 परसैन्ट सेल्ज टैक्स लगा रखा है हालाकिं पडौ़सी राज्यों मे 5 से 7 परसैन्ट तक टैक्स हैं। कटार सिंह जी, आप इसको रे ानेलाईज कीजिएगा। जो बड़ी बड़ी कम्पनियां दवाईया बनाती हैं, उनके आफिस यहां पर नही होते और उनको सेल्ज टैक्स देना नही पड़ता लेकिन जो कंज्यूमर है, उसकों दो प्रकार को सेल्ज टैक्स देना पड़ता हैं। एक स्टेट सेल्ज टैक्स दूसरा सैन्ट्रल सेल्ज टैक्स लगता हे। इस तरह से लोगो के ऊपर आपने डबल बोझ लाद रखा है, उसको समाप्त किया जाए। ताकि लोग सुख की सांस ले सके।

चेयरमैन साहब, एक फारमर्ज की कौसिंल बनी हुई है, उसकी आज तक एक भी मिटिंग नही हुई है। चुने हए लोगों की कभी मीटिंग न हो, ऐसा कभी नही सुना था आप अपने स्वास्थ्य विभाग को लाईन पर लाए और चुने हुए लोगों को मौका दें। मुझे पता नही चेयरमैन साहब, चौधरी भजन लाल जी चुनाव से क्यो संकोच करते है ओर डरते हैं? चेयरमैन साहब, इन्होने म्यूनिस्पिल

कमेटियो के चुनाव क्यो नही करवाए? (ाोर) पता नही कब चुनाव करवाऐगे और पता नही कौन भगवान को प्यार हो जाए।(हंसी)

चौधरी भजन लालः डाक्टर साहब, राम लाल वधवा के पास यह विभाग हुआ करता था। (ाोर)

श्री मंगल सैनः चेयरमैन साहब, आप भी इस बात की तसदीक करेंगे कि इन्होने जान बूझ कर यह चुनाव नही करवाए है। हम तो याहते है कि लोगो की समस्याओं को सुलझाया जाए, समूचे हरियाणा का विकास हो लेकिन इनको इस बात का कोई फिकर नही। कही ऐसा न हो आगे ता सेब कुद बन जाए और पीछे सारा का सारा चौपअ हो जाए। चेयरमैन साहब, चौधरी कटार सिंह कह रहे है कि चुंगी हटा रहे है। मै उनसे पूछना चाहता हूं कि कब यह चुगी हटायी जा रही है।(ाोर) लेकिन हाउस टैक्स तो बढा दिया, चुंगी पता नही कब खत्म करते है? चेयरमैन साहब, हो सकता है इन बातो की अनाउंसमैंट बाद मे करे।

वित्त मंत्री (चौधरी कटार सिंह छोकर): डाक्टर साहब, बाद मे अनाउन्समैंट करेगे।

श्री मंगल सैनः ठीक है, चेयरमैन साहब, इनको तो हर काम पीसमील, कि तो मे करना आता हे। इनकी तो यह आदत बन गयी हे। हाउस टैक्स अनाप– ानाप लगा रखा हे।

इसके बाद चेयरमैन साहब, मै अपने भाहर की भी चर्चा करना चाहता हूं रोहतक के साथ बड़ा अन्याय हो रहा हे। जिस

भाहर मे कोई यूनिवर्सिटी बनती हे वहा पर नया नगर सा बनाया जाता है जिससे भाहर का नक ाा ही बदल जाता है लेकिन चहा पर इन्होने एक ऐसा बी.सी. भेजा है जो कि मैडीकल कालेज से बाहर निकलने का नाम ही नही लेता। पता नही उसका वहां क्या वि ोश रूझाान है?

चौधरी भजन लालः डाक्टर साहब, यह आपके वक्त का ही लगाया हुआ है।

श्री मंगल सैनः भजन लाल जी, मैने उस वक्त कैबीनैट मे रहते हुए भी इस बात को अपोज किया था। अगर मैने गलती कर दी ाी त ो आप ने महा गलती हैं और अब भी कर रहे हैं। भजन लालव जी आप आते जाते दिल्ली के रास्ते मे देखते होगें कि नहर के बाई तरफ हजारों एकड़ भूमि पिछले 10 सालो से फिजूल पड़भ है। आपको पता है वहा कया हो रहा हे। ऐसी ही जमीन म्यूनिसिपल कमेटी के सामने कर्मि ायल कम्पलेक्स बनाने के लिये थी परन्तु आपने कहा था कि वहां पर पार्क बनायेगें, लेकिन आजकल वहां पर दुकाने बन रही है। हमे बड़े दुख के साथ यह कहना पड़ता हैं कि पता नही आगे आगे हमारे भाहर के साथ क्या होगा? वहां पर पीने के पानी की बड़ी भारी सम्सया है। केवल दो वाटर वर्कस है जो लोगो को पूरा पानी देने मे अस्मर्थ है। बरसात का पानी भी हमारे भाहर मे खड़ा हो जाता हैं और आपने पिछली बार देखा होगा कि वह बरसाती पानी फलड की भाक्ल ले लेता है। जिससे भाहर की बरबादी होती हैं। उसको

निकालने के लिये सरकार की और से कोई खास प्रबन्ध नही किये गये हे। चेयरमैन साहब, आपने भिवानी से दिल्ली आते जाते यह तबाही देखी होगी।

चेयरमैन साहब, एक दो बाते कहकर मै अपना स्थान लूंगा। आपने फरीदाबाद मे सरदार अवतार सिंह का ना सुना होगा। कल परसों भी अखबार मे उसका नाम आया था। भजन लाल जी वही भद्र पुरूश तो नही है जिनका नाम इंडिया टुडे मे छपा ाि और जिनका पोसवाल साहब के कांड के साथ कोई सम्बन्ध था।(ाोर)

श्री सभापतिः डाक्टर साहब, आप क्यों म्यूच्वल ऐक्सचेजिज इनवाईट कर रहे है? आप अपनी स्पीच कन्टीन्यू करें।

श्री मंगल सैनः चेयरमैन साहब, 1983 में इन पर एक मुकदमा बना था क्योकि इन्होने नफे सिंह एस.आई. पर कातलाना हमला किया था। अब इस बारे मे डी.सी. पर दबाव डालना चाहते है कि वह मुकदमा वापिस ले ले। दफा 306, 506 ताजीराते हिन्द के बारे मे तो भाायद सुरजेवाला साहब ज्यादा जानते होगे परन्तु मै इतना अव य कहूंगा कि इसके खिलाफ 307, 506, 148, 147 और 149 के मुकदमे 24.04.1983 को बने लेकिन उनपर आज तक कोई कार्यवाही नही हुई हैं। वह लठ लिये फिरता है। (घण्टी) अन्त मे मै चेयरमैन साहब, एक और बात कहना चाहता हूं कि एक फौजी जो भाामनगर तहसील केासली का रहने वाला है, वह

मुआवते के लिए तहसीलदार के पास गया। उसको यह कहा गया कि आप अपनी डयूटी पर वासि चले जाईये, आप किसी किस्म की चिन्ता न करिये, आपकी घरवाली को पैसे मिल जाएंगें। चेयरमैन साहब, मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि वह बेचारा चार साल से दे ा की सरहदों पर अपनी जान की बाजी लगाकर अपने दे ा कीर सेवा कर रहा है, लेकिन डयूटी पर जाने के बाद उसके पेसों के सम्बन्ध मे सरकार की तरफ से कोई पग नही उठाया गया । यह एक निन्दनीय बात हैं। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इसी प्रकार जनरल दरियाओ सिंह के इलाज के बारे मे एक काल अटैन ान मौ ान भी दिया हैं।(विघ्न)

चौधरी भजन लालः डाक्टर साहब, वह फाईल मैने आपके कहने के अनुसार ही मंगवा ली है।

श्री मंगल सैनः बहुत अच्छा जी, बस मै इन अलुाज के साथ इस बजट का विरोध करते हुए अपना स्थान लेता हूं।

चौधरी कुलबीर सिह मलिक (जुलाना): चेयरमैन साहब, आपका बहुत धन्यावाद जो आपने मुझे बोलने का समय दिया। चेयरमैन साहब, सबसे पहले एक भोयर कह कर भाुरू करूंगाः–

म ारिक के खुदावन्द सफीदाने फिरंगी,

मगरिब के खुदावन्द दर खा ान्दाह कजलात,

यह इल्म यह हिसमत यह तदबीर, यह हकूमत,

पीते है लहूं देते है ताली मे मसाबत,

–तु काचिरे आदिल है मेरे जहां मे,

है तल्ख बहुत बन्दार, मजदूर के औकात

कब डूबेगा सरमायापरस्ती का सफीना?

दुनिया है तेरी मन्तजर रोजे मकानात।

मतलब यह है कि आज जो राजनेतिक इस गरीब जनता का खुन चूस रहे हैं, उनको कब सबर होगा? कब हस सरकार का सफाया होगा? चेयरमैन साहब, 20 तारीख को वित्त मंत्री ने जो बजट पे ा किया, मै समझता हूं कि वह एक इलैक ान बजट है। यह बजट बड़ा ही खु ाक , नीरस, लंगडा व खोखला हे और लोगो को गुमराह करने वाला बजट है। लोगा को दु:ख देने वाला बजट इस सरकार ने पे ा किया है। चेयरमैन साहब, एक बात मै सदन का बताना चाहता हूं। इस बजट मे किसी तरह के कोई टैक्स नही लगाये गये, यह बजट बिल्कूल इलैक ान बजट है इलैक ान के बाद आप देखना कि किस तरह से दो गुने, तीन गुने टैक्स जनता पर जबरदस्ती थोप दिये जाएगें। हरियाणा मे 80 परसैनअ जतना खेती पर निर्भर करती हे। लेकिन इस बजट मे खेती के लिए केवल 13.81 परसैन्ट रूपया रखा गया हे। बहुत थोड़ा पैसा रखा गया है। पापुले ान के अनूसार 80 परसैन्ट पैसा खेती के लिय रखा जाना चाहिये था तभी किसानो के साथ इन्साफ हातेा। यह तो किसान विरोधी बजट है। किसानो को

मारने वाला बजट है। इन्होने पिछली बार यही कहा था कि प्राईसिज इसलिये बढी है क्योकि एग्रीकल्चर कोमाडिटिड की प्राईसिंज मे बढौतरी हुई है। बढौतनी के बारे मे, मै आपको बाताना चाहता हूं। इन्होने गेंहू का भाव एक पैसा प्रति किला बढाया हैं। यह किसान के साथ बजाक नही, खिलवाउ नही तो और कया हैं? क्या प्राईस इंडैक्स के हिसाब से किसानो को भाव नही दिया जा सकता है? इसके साथ–साथ क्रोप इं योरैंस स्कीम का जिक्र किया गया हैं। एग्रीकल्चर की जा क्रोपस होती है।, उन पर इं योरैंस की स्कीम अभी तक लागे नही की गई। इसके अलावा कितने ही लोग व्हीट थ्रै ि ंग मे अपने अंग कटवा बैठते है। थ्रै ि ंग सीजन मे आप हस्पतालों का रिकार्ड देखें वहां पर हजारों लोग दाखिल होते है लेकिन सरकार का उनकी तरफ कोई ध्यान नही है। सरकार इस बारे मे कोइ ऐसा इन्तजाम करे जिससे उनको मुआवजा मिल सके। इसी तरह से किसान की फसले जो नैचुरल क्लेमिटीज की वजह से, जैसे ओला वृश्टि है, फलड है, खराब हो जाती हे। उनका तो मुआवजा मिल जाता है लेकिन जिनकी फसले सूखे की वजह से या ज्यादा सर्दी की वजह से नश्ट हो जाती है। उनका मुआवजा नही मिलता। इस बार चने और सरसों की फसल को बहुत नुकसान हुआ है लेकिन मुआवजा नही दिया गया। मै चाहता हूं कि ऐसे नुकसान के लिए भी नुकसान हुआ है लेकिन मुआवजा नही दिया गया। मै चाहता हू कि ऐसे नुकसान के लिये काफी सहायता दी गई। यह सहायता केवल कागजों मे ही दिखाई गई है, वास्तव मे कोई सहायता नही दी

जाती। जो भी सहायता चण्डीगढ से भेजी जाती है, उसे रास्ते मे कोई सहायता नही दी जाती। जो भी सहायता चण्डीगढ से भेजी जाती हे, उसे रास्ते मे डिपर्टमैंट के अफसर हजम कर जाते है। जींद के अन्दर 22.12.1983 को डिप्टी डायरैक्टर एग्रीकल्चर ने जब एक स्टौर पर रेड किया तो वहां पर 151 किलाग्राम विर्डीसाईड कम पाई गई। जब इसका कारण पूछा गया तो उन्होने बड़े बड़े आई.पीज. की फार्मो का नाम ले दिया कि यह वहां पर यूज की गई हे। इनमे से एक ता नरवाना के पास किसी आई.जी. का फार्म है। इसी तरह से जीन्द मे एन.एफ.सी. सर्विस मे भी लाखों रूपये का घपला हुआ है जिसमे डी.डी.ए. और इंचार्ज का हाथ है। इन्होने खाद के 400 कट्टों का बोगस परमिट देकर सबसीडी हजम की है। इसी तरह से युरिया के भी एक हजार कट्टे का बोगस परमिट देकर सबसिडी हजम की है। इसी तरह से युरिया के भी एक हजार कट्टे बेचे गए। इस तरह से लाखों रूपये का घपला हुआ हैं। मै चाहता हूं कि इसकी जांच करवाई जाए गोबर गैंस प्लांट का घपला हुआ है। मै चाहता हूं कि इसकी जांच करवाई जाए। गोबर गैंस प्लाट का भी इस बजट मे जिक्र किया गया है। पिछले पांच सात सालों मे गोबर गैस प्लांट के लिए तीन चार हजार रूपया कर्जा दिया जाता है और कुछ लोगो ने सबसिडी के लालच मे आकर कर्जा ले लिया। कर्जा वापिस न करने की वजह से आज उन लोगो के खिलाफ आदालतो मे केस चल रहे है। उनको जा ड्रम थे, वे दो दो सौ रूपये मे बेचे जा रहे है। इसकके बाद बजट मे यह भी कहा गया है कि जो व्यक्ति इन्टर

कास्ट भाादी करेगा उसके लिए पांच हजार रूपये देने का प्रबन्ध किया गया हैं। मै समझता हूं कि पांच हजार रूपये कास्ट भाादी करे उसे नोकरी दी जाए ताकि पता लगे कि उसका मन कितना साफ हैं। इससे कर्मचारियों मे भी छुआ छुत की बीमार हमे ाा के लिए खत्म हो जाएगी। एक और स्कीम आई है कि पढे लिखे बेरोजगारो को 25 हजार रूपया कर्जा दिया जाएगा। इ सकी अगर इन्कवायरी करवाई जाए तो मालूम होगा कि यह सारा कर्जा कांग्रसे के वर्करो को और युथ कांग्रेस के वर्करों को ही दिया जा रहा है। आज एक आम आदमी अगर पांच हजार रूपया भी कर्जा लेता हैं तो उसकी उसमे से पांच सात सौ रूपये रि वत के देने पडते है। सरकार पैसा देते हुए भी खाती है और लेते हुए भी खाती है। हरियाणा को आज लूट खसूट की मंडी बना रखा है। आज हर विभाग मे प्राइस इंडैक्ट से भी ज्यादा भ्रश्टाचार बढ़ रहा हे। हरियाणा का नाम भ्रश्टाचार मे दुनिया मे म ाहूर है क्योकि इस सकरार का बेस ही भ्रश्टाचार है। एक अखबार मे इस बारे मे एडिटोरियल आया था और बी.बी.सी. रेडियों से भी हरियाणा का नाम कोट हुआ था।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी भाम ेर सिंह सुरजेवाला): चेयरमैन साहब, यह कहना कि सरकार का बेस ही भ्रश्टाचार है। यह बड़ा वाईल्ड एलीगें ान है इसलिए ये भाब्द एक्सपंज होने चाहिए।

श्री सभापतिः कुलबीर सिंह जी, आपको बात कहने का अधिकार है लेकिन अगर आप सभ्य भाब्दो मे कहोगे तो अच्छा रहेगा।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः ठीक है जी।

श्री राम बिलास भार्माः सभापति महोदय, सरदार लछमन सिह जी ने भी खुद कहा था कि क्रप ान हैं। (ाोर)

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, भ्रश्टाचार के बारे मे एक छोटी सी मिसाल देना चाहता हूं। एक बच्चे ने रूपया निगल लिया था। उसक के माता पिता को बड़ी चिन्ता लगी। उस बच्चे की मां कहने लिगी कि डाक्टरप को बुलाओ, लकिन पिता कहने लगा कि नही, मंत्री को बुलाओ। बच्चे की मां ने कहा कि मंत्री क्या करेगा? तो उसका पिता कहने लगा कि मंत्री लोग ऐसे होते है जो पाताल से भी पैसा निकाल लाते है। यह तो बच्चे के पेट की बात है।(हंसीं)

श्री लछमन सिंहः चेयरमैन साहब, अभी राम बिलास भार्मा जी ने कहा कि लछमन सिंह ने भी भ्रश्टाचार के बारे मे कहा था मैने ऐसी कोई बात नही कही। (ाोर)

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः चेयरमैन साहब, वित्त मंत्री जी ने कहा था कि हम फिजूलखर्चे बन्द करेगे। मै इन के नाटिस मे लाना चाहता हूं कि सेल्ज टैक्स की रिकवरी के बहुत ज्यादा केस पैंडिंग पड़े है। वह रिकवरी क्यो नही करतें? वर्श

1983 मे सेल्ज टैक्स के 686 केसिज पैंडिंग थे जिनसे रिकवरी होनी थी और 613 सेल्ज टैक्स आन गुड्ज के पैंडिंग थे। 31.03. 1983 तक सेल्ज टैक्स की कलैक न 12 करोड़ 13 लाख 90 हजार रूपए और पांच सालों से ज्यादा का एरियर 4 करोड़ 13 लाख 8 हजार रूपए है। इ सी तरह से एक्साईज टैक्स के 2 करोड़ 46 लाख 79 हजार रूपए है और पांच सालों से ज्यादा एरियर 6 लाख 91 हजार रूपए हैं। 1982–83 मे अंडर असैसमैंट आफ सेल्ज टैक्स 1 करोड़ 88 लाख 29 हजार रूपए था और एकसाईज टैक्स की जो रिकवरी नही की है वह 1 करोड़ 83 लाख 3 हजार रूपए की है। इसी तरह से जो बोर्ड और कार्पोरे ान बनाए गए है। मै समझता हूं कि ये वाइट एलीफैटस है। सब से ज्यादा पैसा यही हज्म कर जाते है। इसके अलावा मार्किट कमेटियां मे थैप्ट और अम्बैजलमैंट के बड़े केस हुंए हैं। 50 केस आज भी 1978–79 से पैंडिग पड़े है। एक आफिसर के खिलाफ 35 केसिज है और उसको सस्पैंड या डिसमिस करने की बजाए एक्सीयन से एस.ई. प्रमोट कर दिया गया है। यानि क्रप्ट आदमी को घर भेजने किी बजाए परमो ान दी जा रही हे। इसी तरह से दूसरे आदमी के खिलाफ 38 केस पैंडिंग है और वह आज भी काम कर रहा है। चेयरमैन साहब, 1983–83 मे हिसार की मार्किट कमेटी ने 1,51,00,392 रूपए की, थानेसर मै 71 लाख रूपये की और कैथल मे 83 लाख रूपये की तरपोलीन खरीदी गई थी। इस खरीद मे बडा़ घोटाला हुआ था इसके लिए इन कमेटियों के

सैक्रेटरीज को सस्पैंड किया गया था लेकिन अब उनका फिर री–इंस्टेट कर दिया गया हैं।

श्री सभापतिः जो आफिसर का नाम लिया गया है, वह रिकार्ड न किया जाए।

चौधरी कुलबीर सिंह मलिकः इसी तरह से चेयरमैन साहब, जो एग्रीकल्चर मार्किटिंग कमेटी बोर्ड की बिल्डिंग है, वह हरियाणा प्रदे ा के बीच मे बनानी चाहिए लेकिन वह पंचकूला मे बनाई जा रही हे। इसी तरह से लगभग दो करोड़ रूपये के क्वाटर्ज पंचकूला मे बनाए जा रहे हैं। मर्किटिंग बोर्ड के पास 90 के करीब व्हीक ल्ज है उन मे से उन मे भी बहुत फिजुलखर्ची कीप जा रही है। उन की मैंटीनैंस पर एक साल मे 15–15 और 20–20 हजार रूपए खर्च किए गए है।। इसी तरह से चेयरमैन साहब, हरियाणा एग्रो–इण्डस्ट्रीज कार्पोरे ान घाटे मे चल रही है। (घण्टी) चेयरमैन साहब, अभी दो मिन्ट मे वाइंड अप कर रहा हूं इस से ज्यादा समय न लूंगा। मैने बहुत जरूरी बाते कहनी है। एग्रो–इण्डस्ट्रीज कार्पोरे ान मे 1979–80 मे 80 लाख 6 हजार रूपए का घाटा है और हरियाणा कन्कास्ट हिसार को 1982 तक 3 करोड़ 20 लाख 4 हजार 100 रूपए का घाटा है। इसी तरह हरियाणा टेलीविजन लिमिटिड मे 91 लाख 81 हजार रूपए हरियाणा डिटरजैंट मे 1 करोड़ 96 लाख 41 हजार 800 रूपए, मिल्क प्लांट मे 5 करोड़ और हरियाणा टेनरीज मे 1980–81 मे 1 करोड़ 2 लाख 13 हजार रूपए का घाटा रहा है। चेयरमैन साहब,

मेरे कहने का मतलब यह है कि हरियाणा के सारे बोर्ड और कार्पोरे ान घाटे मे चल रहे हे। इसके अलावा मै यह कहना चाहता हूं कि लोकदल का ऐसा कोई भी वर्कर नही है। जिसके खिलाफ चौधरी भजन लाल जी ने केस न बनवाया हों। मेरे खिलाफ भी केस चल रहा हैं लेकिन वे जितने भी केस है वे सारे गलत और बुबुनियाद है। इन भाब्दो के साथ मे इस बजट का विरोध करता हुआ अपना स्थान लेता हू। धन्यावाद।

श्री निर्मल सिंह (नांगल): चेयरमैन साहब, वित मंत्री जी ने जो 1984–85 का बजट पे ा किया है मै उस का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मेरी आपसे प्रार्थना हैं कि आप सबसे पहले सदन का समय 10 मिनट के लिए बढा दे ताकि मै अपने विचार भलि भांति रख सकूं।

श्री सभापतिः हाउस का समय बढाने की आव यता नही हैं। आप अपनी स्पीच जारी रखिए।

श्री निर्मल सिंह (नांगल): चेयरमैन साहब, मुझे बजट पर बोलने के लिए पूरा मौका मिलना चाहिए। सदन के अन्दर बहुत से पुराने माननीय सदस्य है जोकि बोलने मे काफी महारथी है कोई भी बात हो वे उसको मोड़ तोड़ कर इस तरह से कहते है। जिसका कोई हिसाब नही है। जैसे हमारे माननीय सदस्य डा. मंगल सैन जी है। चाहे कोई भी बात हैं, छोटी सी बात को लम्बी और लम्बी बात को छोटी करके कह देते हैं। उनके लिए ऐसा

करना बहुत आसान है लकिन नए मैम्बर के लिए बात को ठीक ढंग से कहने मे और ब्रीफ करने मे बहुत मुि कल आती है। यह प्रक्टिस की बात है। यदि हम नए मैम्बर्ज को बोलने का मौका नही देगे तो हम उस लैवल तक नही पहुंचेगे जहां तक पुराने मैम्बर्ज पहुंचे हुए है। इसलिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप नए मैम्बर्ज को बोलने का मौका जरूर दे। चेयरमैन साहब, मेरे से पहले बोलने वाले माननहीय सदस्य ने फैक्टस एक फिगर्ज के साथ बजट पर अपने विचार प्रकट किए है। (विघ्न) मै अपने अपोजी ान के भाईयों से प्रार्थना करूंगा कि जो सदस्य बोल रहा है। उसको बीच मे इन्ट्रप्ट न करें। अभी थोडी़ देर पहले चौधरी कुलबीर सिंह जी बजट पर बोलते हुए फिगर्ज बता रहे थे और अपने विचार प्रकट कर रहे थे। उस समय मै बीच मे बिल्कूल नही बोलां लेकिन जब भी आपकी पार्टी के बारे मे हमारी तरफ से कोई बात कही जाती है तो आप लोग फोरन खड़े होकर कह देते है कि आप बजट पर बोलें मेरे अपोजी ान के भाई इस बात की तरफ ध्यान नही देते। ये खुद बजट पर बोलते नही, कोई न कोई इररैलेवैंट बात कह देते है और सारे सदन का माहोल बदल देते है। चेयरमैन साहब, मै आपके द्वारा अपने अपोजी ान के भाईयो से कहना चाहता हूं कि वे बड़े जिम्मेदार सदस्य हैं, जनता के चुने हुए नुमायंदे हैं, इन्हे जनता के हित की बात कहनी चाहिए न कि इस किस्म की बाते करनी चाहिए जिसके कारण आप यह सोचे कि आपकी खबर अखबारो मे आ जाएगी। इस तरह की बातों की तरफ आपको ध्यान नही देना चाहिए कि आपकी खबर अखबारो मे आए।

अपोजी ान के बहुत से मैम्बर ऐसे है जो अपनी बात कह कर प्रैस गैलरी की तरफ देखते हे। प्रैस वालो की तरफ इसलिए देखते हे। ताकि वे जान सके कि उनकी बात का अखबार वालो से यह ि ाकाय त है कि जिस दिन वह बजट पर बोले थे और उनहोने बजट स्पीच की कापी फाड़ी थी, वह बात अखबार मे क्यों नही आई। इन्होने यह भी कहा कि आप लोग मेरी कोई भी बात अखबार मे नही छापते। इन्होने बजट स्पीच की कापी इसलिए फाड़ डाली ाी ताकि इनका नाम अखबार मे आए लेनिक नही आया, इनको अखबार वालो से बहुत ि ाकायत है। खैर, कोई बात नही इनका नाम अखबार मे आए या न आए। चेयरमैन साहब, मै मोटे तौर पर यह कहना चाहूंगा कि मेरे अपोजी ान के भाईयो को ऐसी कोई बात नही कहनी चाहिए जिससे हाउस का माहौल खराब हो और न ही नाम अखबारेा मे छापने की भावना से ऐसी बात कहनी चाहिए। इनको लोगों के हिज की ही बात कहनी चाहिए। विकास के कार्यो की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहिए। चेयरमैन साहब, जो 1978–79 मे बजट पे ा किया गया था, उसके अन्दर किसानों पर टैक्स लगाए गए थे और घाटा भी दिखाया गया था।

श्री हीरानन्द आर्य: चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। माननीय सदस्य कह रहे है कि जो 1978–79 मे बजट पे ा किया गया था उसके अन्दर घाटा दिखाया गया था। मै

इनसे यह जानना चाहता हूं कि इस बजट मे घाटा नही दिखाया गया हैं?

श्री निर्मल सिंहः चेयरमैन साहब, घाटा तो इस बजट मे भी दिखाया गया हैं। जिस स्टेट मे डिवैल्पमैंट हो रही हो, उस मे घाटे का बजट जरूय आएगा। इसके इलावा, इस बजट मे हमारी सरकार ने किसानों पर कोई टैक्स नही लगाया हैं, बावजूद इस के, हमारी स्टेट के डिवैल्पमैंट के काम भी सरकार जारी रखेगी। हमार सरकार की यह बहुत बड़ी सफलता है कि घाअे का बजट होते हुए भी स्टेट मे डिवैल्पमैंट के काम जारी रख्ो जाऐग। यह सरकार की बहुत बडी़ उपलब्धि है। चेयरमैन साहब, जिस समय 1983–84 का बजट पे ा किया जा रहा था उस समय मेरे अपोजी ान के भाईयों ने हमारे वित मंत्री चौधरी कटार सिंह जी के बारे मे यह कहा था कि कटार सिंह जी कटार बन कर सदन मे छाए है। चेयरमैन साहब, हमारे वित मंत्री जी ने जो बजट पे ा किया है वह बड़ी सुझबुझ के साथ पे ा किया है। इस बजट के अन्दर किसानों की मजदूरो की हरिजनो कि भलाई के लिए, यानी आज आदमी की भलाई के लिए यह बजट पे ा किया है। इन्होने बड़ी सूझबुझ का सबूत दिया है कि आगे आने वाल साल मे इस घाटे को पूरा करेगे और डिवैल्पमैंट के काम भी किए जाएगें। घाटे का बजट होते हुए भी लोगो ने हितो का ध्यान रखा जाएगा और स्टेट मे डिवैल्पमैंट के कामों का भी ध्यान रखा जाएगा। यह सरकार की बहुत बड़ी सफलता औ उपलब्धि है चेयरमैन साहब,

1978–79 मे बहुत से मैम्बर साहेबान जो हमारे सामने बैठे है, ने किसानो के बारे मे तरह तरह की बाते कही थी ओर किसानो की बहूत स्पोर्ट की थी।

चौधरी रो ान लाल आर्यः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है माननीय सदस्य इसी साल के बजट पर बोल रहे है। या 5–6 साल पहले के बजट पर बोल रहे है?

श्री निमर्ल सिंह : चेयरमैन साहब, श्री रो ान लाल आर्य स्वयं कभी बजट पर तो बोलते नही, इधर उधर की बाते हांकते रहते है। मै यह बात 1978–79 के बजट की ही कर रहां हूं और वह इसलिए कह रहा हूं कि उस कमय इनकी सरकार ने किसानो को दो नारे दिए थें। एक नारा ता यही दिया थाः–

गन्ना बिक चार और पत्ते छः

बोलो चौधरी चरण सिंह की जय।

दूसरा नारा यह दिया थाः–

जाट ऊपर जाट, नर्मा बिके 208

चौधरी साहब सिंह सैनीः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। माननीय सदस्य ने चौधरी चरण सिंह जी का नाम लिया है, यह रिकार्ड मे नही आना चाहिए। (ाोर)

श्री हीरा नन्द आर्य * * * * * * * * * * * * * * (ाोर)

श्री सभापतिः जो आर्य साहब कह रपहे है वह रिकार्ड न किया जाए। (ाोर)

श्री हीरा नन्द आर्यः चेयरमैन साहब, हमारे माननीय सदस्य चौधरी कुलबीर सिंह जी अभी बोल रहे थे, उस समय आपने कह दिया था कि जो आफिसर का नाम लिया गया है, वह रिकार्ड पर नही आएगा। इसी प्रकार जो बात श्री निर्मल सिंह जी ने कही है, वह भी रिकार्ड पर नही आनी चाहिए। आपने मेरी बात के लिए तो कह दिया कि यहा नारा रिकार्ड पर नही आएगा, लेकिन निर्मल सिंह जी ने जो नारे बाताए है आप व भी रिकार्ड पर न आने दे।(ाोर)

श्री सभापतिः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नही हैं।

चौधरी बलबीर सिंह ग्रेवालः चेयरमैन साहब, माननीय सदस्य ने चौधरी चरण सिंह जी का नाम लिय है, वह रिकार्ड नही होना चाहिए। चौधरी चरण सिंह जी ने जो अच्छे काम किए हैं, आप उनका भी जिक्र कर देते तो अच्छा होता। उन्होने खाद की कीमत कम की थी और गरीब लोगों के लिए काम के बदले अनाज देने की स्कीम चलाई थी।(ाोर)

श्री सभापतिः ग्रेवाल साहब, आप बैठिए। (ाोर)

श्री राम बिलास भार्माः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डरप है। जिस समय चौधरी कुलबीर सिंह जी बोल रहे थे, उस समय आपने आफिसर का नाम रिकार्ड नही होने दिया था। अब

श्री निर्मल सिंह जी कोई न कोई नाम कोट कर रहे है और वे रिकार्ड हो रहे हैं। मै इस बारे मे आपकी रूलिग चाहूंग कि क्या रूलिंग पार्टी वाल किसी का भी नाम ले सकते है और हम किसी का नाम नही ले सकते? (ाोर)

श्री सभापतिः मैम्बर साहेबान, यदि किसी आफिसर पर कोई इल्जाम हो तो यहां पर उसका नाम लेकर कोई बात नही कहनी चाहिए।(ाोर)

श्री हीरा नन्द आर्यः चेयरमैन साहब, मेरी बात भी रिकार्ड होनी चाहिए। (ाोर)

श्री सभपतिः कृपया आप बैठ जाएं।

श्री निर्मल सिंह : चेयरमैन साहब, हमे ऐसी बात कहनी चाहिए जिसका कोई न कोई आधार हो। निराधार बात कहने का कोई फायदा नही।

सभापति महोदय, यहां पर इनकी तरफ से ऐसी बाते कही गयी है कि कुछ आफिसर्ज ने बिल्डिगें खड़ी कर ली है। इन मे कोई फोरेस्ट विभाग को हैं, कोई ड्रेनज विभाग का है और कोई पी.डब्ल्यू.डी. का आफिसर है। यदि ऐसा है तो यह अपने आप मे एक बुराई है। बजट के आकड़े सब के सामने है। यहां पर बगैर मतलब कोई बात कही जाये तो ठीक नही हैं। मतलब के साथ कोई बात कही जाये ता अच्छी बात है। राजनीतिक लोगो के लिए जनता एक भाी ो की भाति हैं। जैसा हम करेगे वह सारी

जनता का पता चल जायेगा औरप जैसा हमार व्यक्तित्व होगा वह सबके सामने आ जाऐगा।

श्री सभापतिः अब आप बैठिए। आप सोमवार कन्टीन्यू करेगें। अब हाउस सोमवार बाद दोपहर 2.00 बजे तक के लिए एडजर्न किया जाता हैं।

13.00 बजे

(तत्प चात सदन सोमवार दिनांक 26.03.1984 को बाद दोपहर 2.00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।)